(ख) पिछले वर्षों की तुलना मे क्या यह संख्या बढ़ी है अथवा घटी है, और

(ग) ऊपर उल्लिखित अवधि मे देश को विदेशी पर्यटकों से कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई ?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उषा सिंह : (क) से (ग) नवम्बर, 1990 तक भारत मे आए विदेशी पर्यटकों की संख्या तथा पिछले वर्ष के आंकडों की तुलना मे उनसे विदेशी मुद्रा की हुई अनुमानित आय नीचे दी गई है :—

	1989 (नवम्बर तक)	1990 (नवम्बर तक)
विदेशी पर्यटको का आगमन	11,83,832	11,81,978
विदेशी मुद्रा की अनुमानित आय (रुपए करोड़ो मे)	2,008	2,265

रेलवे टिकटों और आरक्षण में हेराफेरी

1063. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले 6 महीनों के दौरान रेलवे आरक्षण और रेलवे टिकटों मे हेराफेरी के कुल कितने मामले सरकार की जानकारी मे आए है ,

(ख) इस सबंध मे की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है , और

(ग) क्या इस प्रकार की हेराफेरी को रोकने के लिए सरकार ने कोई योजना बनाई है ?

रेल मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास) : (क) से (ग) सूचना इकठ्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

रेलवे में डीजल और पैट्रोलियम उत्पादों की खपत

1064 **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान रेलवे मे डीजल और पैट्रोलियम उत्पादों की वर्षवार खपत कितनी-कितनी रही ,

(ख) इनकी खपत को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(ग) क्या इन उत्पादों की खपत मे विशेषकर पिछले 6 महीनों के दौरान कोई कमी देखी गई है और पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना मे इन उत्पादों की खपत मे कितनी कमी आई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास) : (क) 1987-88 से 1989-90 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए भारतीय रेलों मे डीजल और अन्य पैट्रोलियम उत्पादों की वर्षवार खपत इस प्रकार है :—

वर्ष	कर्षण के लिए डीजल की खपत (लाख किलो लीटर मे)	गैर-कर्षण के लिए डीजल और अन्य उत्पादों की खपत (लाख किलो लीटर में)
1987-88	15.96	0 82
1988-89	16.53	0.80
1989-90 (अनंतिम)	16.77	0.78

(ख) खपत को कम करने के लिए किए गए कुछ महत्वपूर्ण प्रयास इस प्रकार हैं :—

(i) उनका ठीक से रख-रखाव और हिसाब रखना ।